Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:37 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 95 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 30 सितम्बर 2024

तृप्ति डिमरी से पहले कई...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दबंगों ने महिला की बेरहमी से पिटाई की, घटना सीसीटीवी में कैद

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा क्षेत्र में दबंग युवकों ने एक महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। पिटाई का वीडियो वायरल हो रही। घायल महिला ने मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी है। वार्ड नंबर 23 रम्पुरा निवासी एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उसकी देवरानी जिसका झगड़ा आपस में उसकी की सास व ससुर हो रहा था। पीड़िता के सुसराल वालों ने चौकी रम्पुरा में 28.09.2024 की रात तहरीर दी। बताया कि 29.09.2024 समय करीब सुबह 11 देवरानी मेन गेट पर ईट पत्थर मार रही थी। जिसके बाद पीड़िता की नन्द ने गेट खोला तो देवरानी उसको बुरी तरह मारने लगी। ननद ने गेट बन्द कर लिया। आरोप है कि जिसके बाद अपने भाई सोनू को फोन किया। प्रार्थिनी का भाई जैसे घर से 20 मीटर पीछा था। तभी प्रार्थिनी के भाई सोनू के उपर हमला कर दिया। बाद प्रार्थिनी की नन्द अपने भाई सोनू को बचाने लगी तो उक्त महिला ने उससे भी मारपीट करने लगे। पीड़िता ने उक्त लोगों से जान माल का खतरे की आशंका जताई। पीड़िता ने बताया कि पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी का कहना था कि दोनों पक्षों के बीच बंटवारे को विवाद चल रहा है। पिछले कई दिनों से है। पुलिस जांच कर रही है।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रपुर।** गदरपुर क्षेत्र राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज बलराम नगर में सीएमओ मनोज शर्मा एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर डॉ संजीव सरना के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य अंतर्गत गदरपुर की टीमों ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत ञ्3 कैंप का आयोजन किया। इसमें 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच ञ्3 अप्रोच अर्थात टेस्ट ट्रीट एंड टॉक के साथ की गई।

## बारिश थमी तो बढ़ गया तापमान, आज बदलेगा पहाड़ों में मौसम का मिजाज

**देहरादून**

हमारे संवाददाता




**मौसम**

- अक्टूबर में प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा, तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है

तापमान में बढ़ोतरी होने से दिन के समय गर्मी ने परेशान किया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। बीते कई दिनों से हो रही बारिश का सिलसिला रविवार को थमा तो पारा चढ़ गया। तापमान में बढ़ोतरी होने से दिन के समय गर्मी ने परेशान किया। उधर, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि, अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें, तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री के इजाफे के साथ 32.3 डिग्री रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी तीन डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 23.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, मौसम के बदले पैटर्न के चलते तापमान में इस तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

आने वाले दिनों की बात करें, तो अक्टूबर में प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा। चटक धूप खिलने से मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

**समस्याओं को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा**

## कांग्रेसियों ने निकाली भाजपा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रैली

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता




कुमाऊं मंडल में पिछले दिनों आई आपदा, भ्रष्टाचार और महिला अपराध के साथ-साथ नैनीताल जिले के विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को विशाल जनाक्रोश रैली निकाली। जनाक्रोश रैली एमबी इंटर कालेज मैदान से शुरू होकर डीएम कैंप कार्यालय तक पहुंची, जहां उन्होंने एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न समस्याओं जैसे- भ्रष्टाचार, आपदा, महिला अपराध आदि कई समस्याओं को लेकर हल्द्वानी में जुटे। जनाक्रोश रैली के माध्यम से कांग्रेस ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा भाजपा देश को टुकड़ों में बांटनी चाहती है। जो नीति अंग्रेजों ने अपनाई, वहीं नीति भाजपा आपना रही है। वक्ताओं ने भाजपा पर फूट डालो राज करो की नीति अपनाने का आरोप लगाया। हिन्दू-मुसलमान के नाम पर लोगों को लड़ाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा प्रदेश सरकार और अधिकारी तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। जिले की कई समस्याएं ऐसी हैं जो कई सालों से लटकी हुई है। नेता प्रतिपक्ष ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरा। कहा, भ्रष्टाचार मुक्त समाज देने का दावा करने वाली भाजपा आज आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। गौलपुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ और कुमाऊं का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम शो पीस बन गया है। आईएसबीटी और रिंग रोड का मामला भी ठंडे बस्ते में चले गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरा प्रशासनिक अमला शासन सत्ता के इशारों पर नाच रहा है। डीएम का जनसंवाद कार्यक्रम भी भाजपा को प्रचारित प्रसारित करने का माध्यम बनकर रह गया है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार महंगाई, भ्रष्टाचार और महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित रही है।

वहीं शहर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि सरकार हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने शहर के विकास के लिए जिन परियोजनाओं को शुरू किया था उन्हें ठंडे बस्ते में डाला गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की अनदेखी की जा रही है। जू का निर्माण अटका हुआ है। आईएसबीटी का पता नहीं है और रिंग रोड को लेकर जनता को गुमराह...

...शेष पेज 4 पर

## शहर में बढ़ते अपराधों के लिए जिम्मेदार कौन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

**गुंडागर्दी शहर में**

- छड़ायल में घर में तोड़फोड़ व आगजनी के आरोपियों की भी नहीं हुई गिरफ्तारी
- पत्रकार से मारपीट के आरोपी भी घूम रहे हैं खुलेआम

शहर में बढ़ते अपराधों ने स्थानीय निवासियों के बीच असुरक्षा की भावना को जन्म दिया है। रोजाना की घटनाएं, जैसे गुंडागर्दी और तोड़फोड़, शहर की सामाजिक सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा रही हैं। वहीं पुलिस अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रही है।

हाल ही में छड़ायल में हिन्दुस्तान मॉड्यूलर किचन के मालिक के घर में तोड़फोड़ की घटना हुई। इस घटना ने शहर का माहौल गरमा दिया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

यह स्थिति पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। विगत दिनों एमबीपीजी डिग्री कॉलेज में एक पत्रकार के साथ मारपीट की घटना ने गुंडागर्दी की एक नई तस्वीर पेश की। एक संगठित समूह ने इस अराजकता को बढ़ावा दिया, जो समाज के लिए बेहद चिंताजनक है। इस मामले में भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी में नाकामी रही है। शहर की सुरक्षा को बनाए रखने में पुलिस के आला अधिकारी और पुलिसकर्मी नाकाम साबित हो रहे हैं। उनकी कार्यप्रणाली पर गहरा सवाल उठ रहा है कि क्यों वे इन आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इस तरह की अराजकता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक जागरूकता और स्थानीय संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस समस्या का समाधान खोजने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। स्थानीय प्रशासन को भी इस स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए।

हल्द्वानी में बढ़ते अपराधों और गुंडागर्दी ने नागरिकों को असुरक्षित बना दिया है। यदि पुलिस और प्रशासन समय पर ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। समाज को सुरक्षित बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है।

## गोल्ज्यू संदेश यात्रा की तैयारी पूरी 23 नवंबर को हल्द्वानी पहुंचेगी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड की प्रसिद्ध गोलज्यू संदेश यात्रा की तैयारी को लेकर नगर निगम सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई रहे। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि इस बार गोल्ज्यू संदेश यात्रा की तैयारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। यात्रा की तैयारी को लेकर प्रशासन भी सहयोग करेगा। उन्होंने संस्था सदस्यों से अपील की कि वह तय किए गए नियमों के अनुसार ही तय रूट पर यात्रा निकाले। अपनी धरोहर संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहा कि इस बार गोल्ज्यू संदेश यात्रा पिछली बार के मुकाबले बड़े स्तर पर आयोजित की जा रही है। यात्रा कुमाऊं व गढ़वाल के विभिन्न नगरों को जोड़ते हुए चम्पावत से प्रारम्भ होकर चम्पावत में ही संपन्न होगी। हल्द्वानी में 23 नवंबर को यात्रा पहुंचेगी इस दौरान पूरे नगर में यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड के लोगों को अपनी संस्कृति व पौराणिक मान्यताओं के साथ जोड़ना है। बैठक मेंसभा की अध्यक्षता एन बी गुणवंत मुख्य अतिथि ए पी बाजपेई, सभा का संचालन लवी चिलवाल व सुनीता जोशी ने संयुक्तरूप से किया।

सभा मैं मुख्य रूप से दिवाकर पांडे गुरमीत सिंह मीती भाई,नगर संघसंचालक विवेक,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर पंत, शांति जीना, पुष्पा धर्म सत्तू, प्रभा खनका, वरिष्ठ समाजसेवी योगेश जोशी ,गोविंद बगड़वाल, चंद्र प्रकाश तिवारी व आनंद सिंह भाकुनी सम्मिलित रहे।

## फर्जी मुकदमों के विरोध में हिन्दूवादी संगठनों का कोतवाली में प्रदर्शन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



फर्जी मुकदमे दर्ज कराने के विरोध में हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को कोतवाली में प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि पुलिस प्रशासन हिन्दुओं का उत्पीड़न करने में लगी हुई है।

जिन लोगों के खिलाफ आगजनी और तोडफोड़ के मामले में मुकदमे दर्ज किए गए हैं उन्हें वापस लिया जाए अन्यथा वह उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बता दें कि बीती 27 सितंबर को छड़याल नायक के देवगंगा विहार स्थित हिन्दुस्तान मॉड्यूलर किचन के स्वामी नूर मोहम्मद के आवास पर स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि इसकी वजह से महिलाओं का सड़क पर निकलना दूभर हो गया है। इसके बाद गुस्साए लोगों ने यहां पर तोडफोड़ और आगजनी कर दी। तोडफोड़ और आगजनी की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया था और किसी तरह से लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया था। इधर पुलिस ने गत दिवस मामले में शामिल भाजयुमो नेता समेत करीब दो सौ लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इधर, सोमवार को लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद हिन्दूवादी संगठनों के लोग मदनमोहन जोशी, जोगेन्द्र राणा के नेतृत्व में कोतवाली पहुच गए और जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर लोगों पर थोपे गए मुकदमे वापस लेने की मांग की। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। कहा कि अगर दर्ज किए गए मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो वह उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई मल में लाई जाएगी।

# धामी सरकार में ही तुर्कागौरी के लोगों को मिलेगा मालिकाना हक: शुक्ला

**कार्यक्रम**
- रामलीला मैदान में लोगों को संबोधित किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

किच्छा विधानसभा क्षेत्र बूथ नंबर 43 ग्राम तुर्कागौरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' का 114वां एपिसोड सुनने के बाद रामलीला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार प्रदेश में वर्ग 1ख श्रेणी की जमीन पर वर्षों से बसे लोगों को उनकी आबादी की भूमि का मालिकाना हक दिलाने के लिए ठोस कदम उठा रही है।



इसके लिए सरकार ने मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता वन मंत्री सुबोध उनियाल कर रहे हैं। इसके सदस्य सौरभ बहुगुणा और रेखा आर्या हैं। उन्होंने कहा कि उपसमिति पूरे प्रदेश में वर्ग 1ख श्रेणी की जमीन पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए आवश्यक निर्णय लेगी। तुर्कागौरी के निवासियों की यह लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें उस जमीन का मालिकाना हक दिया जाए, जिस पर वे वर्षों से बसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर उन्होंने विधायक रहते हुए भी लगातार प्रयास किए और हाल ही में उन्होंने सीएम से देहरादून में मुलाकात कर तुर्कागौरीवासियों की मांग को उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंत्रिमंडलीय उपसमिति को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शुक्ला ने कहा कि धामी सरकार वर्ग 1ख श्रेणी की जमीन पर बसे लोगों को मालिकाना हक दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।जल्द ही तुर्कागौरी के निवासियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। कहा कि पूरे प्रदेश में इस मुद्दे को लेकर धामी सरकार गंभीरता से काम कर रही है। तुर्कागौरी के अलावा, प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी वर्ग 1ख श्रेणी की जमीन पर बसे लोगों को इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रिय कैबिनेट से खुरपिया के 1100 एकड़ भूमि पर स्मार्ट सिटी बसाने के निर्णय का भी स्वागत किया। यह परियोजना किच्छा और आसपास के क्षेत्र के एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। आर्थिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम से पूर्व विधायक शुक्ला ने सभी ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का 114वां एपिसोड सुना, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों और उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में नंदलाल यादव, ग्राम प्रधान आशा देवी, ललित राय, सदानंद आजाद, रामनरेश, अनीता, रंजना गुप्ता, रामपाल यादव, हेमनारायण,सत्यवती, प्रीति वर्मा, रामनरेश, प्रदीप कुमार, रितेश, संदीप राजभर, अशोक वर्मा, गया गुप्ता, विशाल अग्रवाल, रुस्तम खान, नीलम यादव,शीला देवी, सर्वेश, बिरजू, बालकिशन,सुभाष यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे।




# स्वयंसेवकों ने तल्लीताल में संघ साहित्य का विक्रय किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साहित्य विक्रय दिवस पर रविवार को संघ के स्वयंसेवकों ने तल्लीताल गांधी चौक में संघ साहित्य का विक्रय किया।

इससे पूर्व साहित्य विक्रय की स्टाल का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह उत्तम नयाल, विभाग कार्यवाह रमेश ओली तथा जिला प्रचारक राहुल के साथ ही नगर कार्यवाह उमेश बिष्ट व सह कार्यवाह भरत भट्ट के आतिथ्य में किया गया। जिला प्रचार प्रमुख नवीन भट्ट ने बताया कि इस वर्ष प्रांत योजना के अनुसार इन पुस्तकों में पंच परिवर्तन, हिंदुत्व और अहिल्याबाई होलकर के नाम से पुस्तकें हैं। इसके अलावा भी साहित्य प्रेमी साहित्य स्टॉल से साहित्य प्राप्त कर सकते हैं, जिनमें गुरु गोलवलकर, डॉक्टर बलिराम हेडगेवार, गोरा बादल तथा कारगिल युद्ध व उत्तराखंड की महान विभूतियां आदि कई पुस्तकें इस साहित्य स्टॉल पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त भी पूरे प्रांत में संघ के स्वयं सेवक साहित्य प्रेमियों से संपर्क करके पुस्तकों का संच विक्रय कर रहे हैं। इस मौके नगर प्रचार प्रमुख चंदन जोशी,धर्मेन्द्र शर्मा,उत्कर्ष बिष्ट, अभिषेक मेहरा तथा मोहित पंत आदि मौजूद रहे।

# पीएचडी छात्रों को कई महत्वपूर्ण सलाह दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के पूर्व प्रमुख डॉ. संजीव कुमार ने एक महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। डीएसटी अनुसंधान योजनाएं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य विषय पर अपने व्याख्यान में डॉ. संजीव कुमार वार्ष्णेय ने पीएचडी छात्रों को कई महत्वपूर्ण सलाह दी।

उन्होंने पीएचडी छात्रों को समझाया कि उन्हें अपने शोध का विषय ऐसा चुनना चाहिए जो समाज या पर्यावरण पर प्रभाव डालता हो न कि केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए। उन्होंने कहा कि पीएचडी में एक निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं होता है बल्कि छात्रों को अपने ही प्रश्न पूछने होते हैं। एक गुरु का कार्य छात्रों को उनके शोध में मार्गदर्शन प्रदान करना, प्रेरित करना और उनके शोध को छोटे-छोटे लक्ष्यों में विभाजित करने में मदद करना होता है। डॉ. वार्ष्णेय ने एक बहुत ही रोचक बात यह भी बताई कि आप स्वयं और आपका मन ही सबसे बड़ी संपत्ति हैं। एक गुरु केवल मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकता है लेकिन प्रश्न पूछने के लिए आपको ही आगे आना होगा। कहा कि क्यों,कैसे तथा अब क्या जैसे प्रश्न आप ही पूछ सकते हैं।

डॉ. वार्ष्णेय ने इंटर्नशिप तथा छात्रवृत्ति और फैलोशिप के बीच अंतर भी समझाया। उन्होंने टी आकार के व्यक्ति बनने के महत्व पर भी प्रकाश डाला जिसका अर्थ है कि छात्रों को न केवल अपने शोध विषय में गहराई से जानना चाहिए बल्कि उससे संबंधित अन्य क्षेत्रों के बारे में भी जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने स्नातकोत्तर छात्रों के लिए जेआरएफ , पीएचडी छात्रों के लिए एसआरएफ और पोस्ट डॉक्टोरल फैलो के लिए शोध सहयोगी जैसी विभिन्न फैलोशिप के बारे में भी जानकारी दी और इनके लिए आवश्यक मानदंडों का उल्लेख किया। उन्होंने अल्पसंख्यक समूहों, एससी/एसटी के लिए कुछ फैलोशिप के साथ ही प्रधानमंत्री फैलोशिप, इनस्पायर फैलोशिप आदि के बारे में भी बताया। इस अवसर पर डीन साईंस प्रो. चित्रा पांडे समेत डॉ. गीता तिवारी, डॉ. पैनी जोशी, डॉ. दीपशिखा, डॉक्टर गिरीश खर्कवाल, डॉक्टर महेश चंद्र आर्या, डॉक्टर मनोज धोनी, डॉक्टर ललित मोहन तथा अचल अनीजा समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## NEWS / फटाफट

### पोस्टर प्रदर्शनी का विशेष आयोजन किया

**नैनीताल।** नैनीताल पीपुल्स फोरम के तत्वावधान में दो अक्टूबर (बुधवार) को नैनीताल के तल्लीताल स्थित गांधी चौक के समक्ष मुजफ्फरनगर कांड के शहीदों को याद करते हुए पोस्टर प्रदर्शनी का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फोरम से जुड़े प्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जोशी के मुताबिक प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से लेकर शाम को 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मातृ शक्ति पर बढ़ती हिंसा व यौन हिंसा के अपराधियों को मिल रहे राजनीतिक संरक्षण के खिलाफ तथा नैनीताल में जन विरोधी विकास के मॉडल के खिलाफ भारी निर्माण कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाए जाने की मांग को लेकर धरना भी दिया जाएगा।

### रक्तदान से लोगों को जीवनदान मिलता है: वाजपेयी



**हल्द्वानी।** महाराजा अग्रसेन युवा समिति (रजि), हल्द्वानी द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल में एक ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि वाजपेई ने रक्तदान के लिए अग्रसेन युवा समिति के कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया और उन्होंने कहा इस मौसम में बीमारियां बढ़ती हैं और कई लोगों को खून की आवश्यकता होती है रक्तदान के माध्यम से हम लोगों का जीवन बचा पाते हैं। महाराजा अग्रसेन युवा समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल और महामंत्री कनव अग्रवाल ने बताया कि 108 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। महाराजा अग्रसेन जयंती की उपलक्ष में आयोजित इसी रक्तदान शिविर में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, सरिल गोयल, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, तरुण बंसल, विनीत अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि,अंकित अग्रवाल, तुषार मित्तल ,शोभित अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अमित गोयल ,अनंत गर्ग, अरुण अग्रवाल पिंटू, शुभम अग्रवाल प्रकर्श कंसल, आदि उपस्थित रहे।

### फिल्म कन्नू को बेस्ट सोशल फिल्म से सम्मानित किया

**नैनीताल।** देहरादून में आयोजित फिल्म फैस्टिबल में फिल्म मेकर संजय सनवाल की फिल्म कन्नू को स्क्रीनिंग की गयी और फिल्म को इस फैस्टिवल में बेस्ट सोशल फिल्म के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
बता दें कि संजय सनवाल को फि ल्म कन्नू जो बाल श्रम पर आधारित है वह पहले ही 20 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय एवाड्र्स जीत चुकी है। इस फिल्म फेस्टिवल में 7000 से ज्यादा फिल्मों ने आवेदन किया था जिसमें से कुछ ही चुनिंदा फि ल्मों की स्क्रीनिंग हुई और अवाड्र्स मिले।

### अंग्रेजी शराब की तस्करी में कार चालक गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** कोतवाली बाजपुर की चौकी सुल्तानपुर पट्टी पुलिस ने चैकिंग के दौरान अंग्रेजी शराब की तस्करी में कार चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार से शराब की 10 पेटी बरामद की। पुलिस के मुताबिक जनपद में अवैध मादक पदार्थ,अवैध शराब की तसकरी की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत चौकी प्रभारी संदीप शर्मा सुल्तानपुर पट्टी के नेतृत्व में पुलिस चैकिंग कर रही। तभी पिपलिया रेलवे फाटक के पास एक कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया तो कार चला रहा व्यक्ति ने कार रोकने की बजाय कार की गति तेज कर दी। पुलिस ने पीछा करते हुए कार को घेर लिया। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार से अंग्रेजी शराब की 10 पेटी बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम सलीम पुत्र जमील अहमद निवासी -खेड़ा रुद्रपुर बताया। चौकी प्रभारी संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शराब की तस्करी करने के आरोप में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कार को सीज कर दिया। बता दें कि जनपद में बढते नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी की सख्ती के चलते तस्करों में हड़कंप मच गया। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा कांस्टेबल रणवीर,जरनैल सिंह, कुन्दन सिंह आदि शामिल रहे।

# प्राचीन श्री रामलीला मैदान में रामलीला मंचन का शुभारंभ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



प्राचीन श्री रामलीला मैदान में संचालन समिति 2024 द्वारा रामलीला मंचन का शुभारंभ कर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यास पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा समिति के सदस्य तथा नगर के तमाम गणमान्य नागरिकों के बीच गणपति जी के पूजन के साथ कराया गया। श्री रामलीला मंचन का 15 दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद अजय भट्ट,रामलीला संचालन समिति के रिसीवर एवम नगर मजिस्ट्रेट एबी वाजपई, एवम संचालन समिति के सदस्य वेद प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य स्वर्ण लाल सदाना, विवेक कश्यप मनोज गुप्ता,भवानी शंकर नीरज,बसंत अग्रवाल , विनीत अग्रवाल, अमित जोशी, अतुल अग्रवाल, एवी गुणवंत ,गोपाल पाल, प्रदीप जनौटी,पंकज कपूर, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, मंजू वार्ष्णेय, रूपेंद्र नागर, आदि उपस्थित रहे। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया की हल्द्वानी की इस दिन लीला का इतिहास बहुत ही गरिमामय है एवम लगभग 150 वर्षों से भी ज्यादा पुराना है। विगत कई वर्षों से व्यास जी द्वारा श्री रामलीला का मंचन करवाया जा रहा है। आज की लीला में गणेश जी के पात्र में तनुज गुप्ता रहे। नगर के गणमान्य सदस्यों में तरुण बंसल, हरिमोहन अरोरा, लाला जायसवाल, तनिष्क ढींगरा, दीपक अग्रवाल, रजत गर्ग, देवेश अग्रवाल, आनंद दरमवाल, दीपा जैसवाल,शम्मी भाई मनोज भट्ट, प्रेम बेलवाल, भुवन जोशी,पंडित गणेश जोशी आदि रहे।

आज के रामलीला संचालन में सहयोग सुशील शर्मा, नब्बू, यश गुप्ता, रोहित ठाकुर आदि ने किया। संचालन समिति सदस्य अमित जोशी ने बताया कि आज सोमवार की लीला में नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न

***देश की सबसे प्रतिष्ठित जांच एजेंसी को लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को देश की एक प्रीमियर जांच एजेंसी बताते हुए कहा कि उसे न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि ऐसा करके दिखाना भी होगा। कानून के शासन द्वारा संचालित क्रियाशील लोकतंत्र में धारणा बेहद मायने रखती है, इसलिए धारणा होनी चाहिए कि सीबीआई पूरी तरह आजाद है। शीर्ष अदालत ने वर्ष 2013 में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई की तुलना 'पिंजरे में बंद तोते' से की थी। अब एक बार फिर सीबीआई की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है।***

लोकतंत्र में विधायिका और कार्यपालिका शासन एवं प्रशासन की व्यवस्था के संचालन की जिम्मेदारी निभाती हैं। विधायिका नीति का निर्धारण करती है और कार्यपालिका शासन की नीति, योजनाओं, नियमों के कार्यान्वयन की भूमिका निभाती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रहित और जनहित सर्वोपरि होता है, यदि शासन और प्रशासन कोताही बरतता है तो न्यायपालिका संविधान के अनुरूप सुधार का आदेश देती है। न्यायपालिका का आदेश शासन व प्रशासन मानने को बाध्य है। देश की सबसे प्रतिष्ठित जांच एजेंसी को लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को देश की एक प्रीमियर जांच एजेंसी बताते हुए कहा कि उसे न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि ऐसा करके दिखाना भी होगा। कानून के शासन द्वारा संचालित क्रियाशील लोकतंत्र में धारणा बेहद मायने रखती है, इसलिए धारणा होनी चाहिए कि सीबीआई पूरी तरह आजाद है। शीर्ष अदालत ने वर्ष 2013 में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई की तुलना 'पिंजरे में बंद तोते' से की थी। अब एक बार फिर सीबीआई की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है। दरअसल आबकारी घोटाले में केजरीवाल के अतिरिक्त दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को भी महीनों जेल में बंद रखा गया। प्रवर्तन निदेशालय तथा सीबीआई ने शीर्ष अदालत में ठोस तथ्य पेश नहीं किये। अंततः तीनों नेताओं को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत पर छोड़ दिया। इस मामले में शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी सबसे महत्वपूर्ण है और भविष्य में नजीर साबित होगी कि किसी को बिना वजह जेल में बंद रखना उसके स्वतंत्र नागरिक होने के अधिकार का उल्लंघन है। आबकारी घोटाले में अभी तो जमानत मिली है, फैसला आना है, इसलिए फिलहाल कुछ कहना अनुचित होगा। मुख्य विषय जांच एजेंसियों की कार्यशैली, विश्वसनीयता तथा सरकार के दबाव में काम करने का है। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के दौरान सपा और बसपा के समर्थन पर भी आरोप लगा था कि मुलायम सिंह यादव और मायावती के खिलाफ सीबीआई जांच का डर दिखाकर कांग्रेस समर्थन हासिल करती रही। केन्द्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि प्रवर्तन निदेशालय तथा सीबीआई के छापे विपक्षी नेताओं पर सरकार के इशारे पर डाले जा रहे हैं। छापों के डर से जब कोई नेता भाजपा में शामिल हो जाता है तो गंगोत्री में स्नान करने पर उसके पाप धुल जाते हैं। जांच एजेंसियां आजाद नहीं निष्पक्ष व विश्वसनीय होनी चाहिएं।

# फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता का विशेष आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वैलफेयर क्लब ने रविवार को नैनीताल बैंक के सहयोग से गोवर्धन हॉल में नगर पालिका परिषद की दिवंगत सभासद सुषमा साह की स्मृति में फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया।

प्रतियोगिता में नगर के 10 स्कूलों के 180 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गो के विजेताओं को अतिथियों क्रमशः विधायक सरिता आर्या, नैनीताल बैंक के सीईओ निखिल मोहन, कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पत्रकारिता व जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.गिरीश रंजन तिवारी, होली एकेडमी स्कूल की प्रधानाचार्या मधु विग,नगर पालिका परिषद की सभासद गजाला कमाल तथा समाजसेवी प्राची आर्या समेत क्लब के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान नन्हें मुन्ने बच्चे मीराबाई, नारद, अदृश्य मानव, पंडित जी, घसयार, सोशल मीडिया, ट्रैफि क सिग्नल, डस्टबीन, चंद्रशेखर आजाद तथा सावित्री बाईफू ले आदि के रुप में नजर आए बेहद आकर्षक लग रहे थे।



प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण निष्कर्ष द्वारा पागल की भूमिका रही जिससे दर्शकों ने बेहद सराहा। प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग मे वृंदावन पब्लिक स्कूल की सिमोनिका आर्या ने पहला, जबकि डी. आर. पब्लिक स्कूल के अयांश ने दूसरा तथा तृतीय स्थान पर मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की दीशानी कार्की रही तथा सांत्वना पुरुस्कार क्रमशः अम्बर सेखू, इजरा, हिमांशी ,कपिल, शिवांक भंडारी तथा अवयांक दास ने झटका। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में इंसप्रीएशन स्कूल हल्द्वानी की रुद्रानी रावत ने पहला, द्वितीय स्थान पर सैनिक स्कूल के अनुष्का जबकि तृतीय स्थान पर मोहन लाल साह की विदिशा जोशी रही वही सांत्वना पुरुस्कार क्रमश: गीतांजलि जोशी, तनीशॉ नेगी, अलंकृता जोशी, गौरी, विवाश, भावना, मिताली तथा सामर्थ्य ने हासिल किया, जबकि सीनियर वर्ग में मोहन लाल साह की अवंतिका नेगी ने पहला, द्वितीय स्थान पर भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के ध्रुव कुमार एवं चेतन जोशी जबकि तृतीय स्थान पर बिशप शॉ के आदित्य तथा सांत्वना पुरुस्कार सौरभ तिवारी, लतिका बिष्ट तथा प्रतीक्षा ने

हासिल किए। प्रतियोगिता में विशेष पुरुस्कार निष्कर्ष, गार्गी शर्मा और वेद जोशी ने झटके। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वरिष्ठ रंगकर्मी व संस्कृति कर्मी अनिल घिडियाल, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के डी. आर. नायक एवं रीता तिवारी तथा अनिल कुमार शामिल रहे।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया,उन्होंने क्लब द्वारा नन्हें- मुन्ने बच्चों को मंच उपलब्ध कराने के क्लब के विशेष प्रयासों की सराहना की,कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिल जाता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौडियाल, सचिव दीपा पांडे, संस्थापक अध्यक्ष हेमा भट्ट, संरक्षिका मीनू बुधलाकोटी, प्रतियोगिता की मुख्य संयोजक प्रेमा अधिकारी, सह संयोजक कॉर्डिनेटर रानी साह, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, कंचन जोशी, कविता त्रिपाठी, विनिता पांडे, नीरु साह, अमिता साह, प्रभा पुंडीर, रेखा जोशी, रेखा पंत, जीवंती भट्ट, दया कुँवर तथा डा. प्रगति जैन, तुसी साह, सरस्वती सिराला आदि द्वारा योगदान दिया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में संजय साह तथा राहुल, मेघना तथा डा.हिमांशु पांडे का विशेष सहयोग रहा। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

## लोनिवि नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की बैठक

**नैनीताल।** लोक निर्माण विभाग नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की क्षेत्रीय कार्यकारिणी की जनपद अध्यक्षों के साथ संघ भवन में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने की,जबकि संचालन क्षेत्रीय महामंत्री हरीश चंद्र तिवारी ने किया। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री हरीश चंद्र तिवारी के सेवानिवृत होने के बाद आम सहमति के बाद पूरन सिंह क्षेत्रीय महामंत्री चुना गया,बाद में उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। बैठक में कर्मचारियों के नियमितिकरण, पेंशन कटौती समेत कई अन्य मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। बैठक में हिमांशु पांडे, महेंद्र सिंह बिष्ट, हरीश भट्ट, पान सिंह,आनंद सिंह बोहरा, परमानंद, किशन सिंह,किरनलता, विद्या भट्ट, पुष्पा पांडे,हेमा सूर्या,लक्ष्मण सिंह,देव सिंह तथा पूरन सिंह समेत संघ से जुड़े कुमाऊं मंडल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने सभी का आभार जताया।

# 88वें दिन भी निगम कर्मचारियों का धरना जारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं - गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर रविवार को 88वें दिन भी निगम कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम जारी रखा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि महासंघ द्वारा पुनः एक पत्र सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दिया है जिसमें आंदोलन में परिवर्तन करते हुए अब आंदोलन 1 अक्टूबर (मंगलवार) से जनपदवार चलाया जाएगा, जिसमें तीन दिन जनपदवार पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा,वहीं अन्य जनपद नियमितीकरण नियमावली जारी करने व शासन व निगम स्तर की समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री को विभिन्न माध्यमों से ज्ञापन प्रेषित करेंगे। गुरुरानी के मुताबिक लगता है सरकार को चक्का जाम व बंद की आदत पड़ गई है?

दूसरी ओर रविवार को नैनीताल में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में नौकुचियाताल क्षेत्र में उपाध्यक्ष पीतांबर दुमका के नेतृत्व में जबकि ऊधम सिंह नगर में उपाध्यक्ष गौतम कुमार के नेतृत्व में जबकि जनपद बागेश्वर में जिलाध्यक्ष महेश कुमार दास व उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी के नेतृत्व में तथा जनपद चंपावत में भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चलाएं। इसी के साथ प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने उलका देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, पदम सिंह रं, भगवान सिंह, सौरव खोलिया, गोपाल बिष्ट, महेश कुमार, नीरज, हंसी, रचना ,दीपक, राजेंद्र तथा विजय बोरा सहित निगम कर्मचारियों ने भाग लिया। इधर दिनेश गुरु रानी ने कहा कि 30 सितंबर (आज) को राज्य निगम अधिकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा देहरादून में नियमितीकरण की मांग को लेकर की जा रही रैली का समर्थन किया है तथा कहा कि इसमें कुमाऊं मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारी भी प्रतिभाग करेंगे। कुमाऊं मंडल विकास निगम से महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में कर्मचारी देहरादून रवाना हो गए हैं।

# फिल्मी दुनिया

## तृप्ति डिमरी से पहले कई अभिनेत्रियों को ऑफर हुई थी विक्की विद्या का वो वाला वीडियो



*विक्की विद्या का वो वाला वीडियो फिल्म 11 अक्टूबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले इसमें लीड अभिनेत्री के तौर पर जिन अदाकाराओं को रोल ऑफर हुआ थे, उनके नाम सामने आए हैं। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो फिल्म अगले महीने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के लिए तृप्ति डिमरी से पहले भी कई अभिनेत्रियों को ये रोल ऑफर किया गया था। खबरों की मानें तो फिल्म निर्माता राज शांडिल्य ने नुसरत भरूचा, जान्हवी कपूर और भूमि पेडनेकर से इस फिल्म को कास्ट करने की बात की गई थी। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी से पहले निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर, भूमि पेडनेकर, श्रद्धा कपूर और नुसरत भरूचा को इस भूमिका के लिए चुना था। खबरों की मानें तो फिल्म निर्माताओं ने नुसरत भरूचा, जान्हवी कपूर और भूमि पेडनेकर पर विचार किया, लेकिन राजकुमार राव पहले ही उन सभी के साथ काम कर चुके थे, इसलिए उन्होंने तृप्ति डिमरी को मौका देने के बारे में सोचा। राज शांडिल्य ने श्रद्धा कपूर से भी फिल्म में शामिल करने के लिए बात की थी, लेकिन तब वे स्त्री 2 को लेकर व्यस्त चल रही थीं। खबरों की मानें तो निर्माता निर्देशक राज शांडिल्य ने मुख्य भूमिका के लिए तृप्ति डिमरी को चुना, तो उन्होंने अभिनेत्री मल्लिका शेरावत को ध्यान में रखते हुए एक और किरदार भी लिखा। खबरों की मानें तो राज शांडिल्य ने मल्लिका के लिए एक दमदार रोल लिखा ताकि उनको भी फिल्म में हिस्सा दिया जाए। जब ये रोल मल्लिका शरावत को सुनाया गया तो उनको बहुत पसंद आया, उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह का किरदार काफी पसंद है और ऐसे किरदार का वो काफी समय से इंतजार भी कर रही थीं। निर्माता निर्देशक राज शांडिल्य ने पहले से ही अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल के बाद राजकुमार राव के साथ काम करने के लिए सोचा था। उन्होंने कहा कि इस दौरान राजकुमार बिजी थे, फिर राज ड्रीम गर्ल 2 पर काम करने लगे और इस दौरान वह फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो% की स्क्रिप्ट पर भी काम कर रहे थे।*

# नैनीताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीज को हायर सेंटर नहीं भागना पड़ेगा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल प्रबंधन को पौड़ी की एक संस्था ने लगभग 13 लाख रुपये की याग लेजर और नॉन कांटेक्ट टोनोमीटर की दो मशीनें व हाइड्रोलिक ओटी टेबल भेंट की है। इन मशीनों की मदद से मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद लेंस में झिल्ली आने पर मरीज को हायर सेंटर नहीं भागना पड़ेगा। ऐसे मरीजों को बीडी पांडे अस्पताल में भी उपचार मिल पाएगा।

बता दें कि नैनीताल के जिला अस्पताल में लगातार सुविधाएं बढने से मरीजों को लाभ मिल रहा है। नई मशीन लगने से मरीजों को अब अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. दीपिका लोहनी ने बताया कि स्टॉप टेयर के निदेशक प्रमोद बमराड़ा की ओर से अस्पताल को एक हाइड्रोलिक ओटी टेबल समेत एक याग लेजर और एक नॉन कांटेक्ट टोनोमीटर उपलब्ध कराया है। तीनों ही उपकरणों को अस्पताल में स्थापित करवा दिया गया है। याग लेजर कैप्सुलोटॉमी एक गैर इनवेसिव लेजर प्रक्रिया है जो मोतियाबिंद लेंस प्रतिस्थापन सर्जरी के बाद रोगी की दृष्टि में कभी-कभी आने वाली बाधा को दूर करती है वहीं नॉन कॉन्टैक्ट टोनोमीटर एक ऐसा उपकरण है जिसका इस्तेमाल आंख के सीधे संपर्क के बिना आंख के अंदर दबाव को मापने के लिए किया जाता है, वहीं हाईड्रोलिक टेबल मिल जाने के बाद ऑपरेशन करने में आसानी हो रही है। तीनों ही उपकरण की अनुमानित लागत करीब 13 लाख रुपए है। सभी उपकरणों को अस्पताल में स्थापित कर मरीजों को लाभ दिया जा रहा है। इससे पूर्व भी संस्था की ओर से अस्पताल को फेको मशीन उपलब्ध कराई गई थी।

# 54 दिनों के बाद भी नहीं हुई घुड़सवारी शुरू, रोजी-रोटी का संकट

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर के अयारपाटा वार्ड के टिफि न टॉप की पहाड़ी पर हुए भूस्खलन के बाद 6 अगस्त की रात को डोरोथी सीट ढह गई थी, जिसके चलते प्रशासन की ओर से 7 अगस्त से वहां लोगों की आवाजाही के साथ ही वहां पर घोड़ा संचालन भी रोक दिया था, लेकिन प्रशासन की ओर से कई सर्वे व निरीक्षण के बाद भी 54 दिनों के बाद भी क्षेत्र में घुड़सवारी शुरू नहीं हो पाई है जिससे घोड़ा संचालकों के समक्ष रोजी- रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बता दें कि 6 अगस्त की रात को नैनीताल की टिफि न टॉप की पहाड़ी में बने डोरोथी सीट भूस्खलन के चलते ढह गई थी, जिससे पूरे शहर में हड़कंप मच गया था।

प्रशासन की टीम की ओर से निरीक्षण के बाद यहां बारापत्थर से संचालित घोड़ों तथा पर्यटकों व स्थानीय लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी, जिसके बाद प्रशासन की ओर से क्षेत्र में भू वैज्ञानिकों से सर्वे भी कराया गया था। विभागीय विशेषज्ञों की टीम ने भी क्षेत्र में निरीक्षण कर डोरोथी सीट को पुराने स्वरूप में लाने के लिए भूगर्भीय सर्वे कराने की बात कही।

बीते दिनों भूवैज्ञानिकों की टीम ने क्षेत्र में एक बार फि र निरीक्षण किया लेकिन उसके बाद भी क्षेत्र में घुडसवारी कराने के लिए घोड़ा चालकों को अनुमति नहीं मिल पाई है जिससे घोड़ा चालक 50 व सौ रूपये में घोड़ा स्टैंड पर ही पर्यटकों को घुमा रहे हैं। घोड़ा चालकों का कहना है कि घोड़ों के खाने के लिए लगभग 300 रूपये रूपये रोजाना उनको चाहिए होते हैं। घोड़ा संचालन नहीं होने के कारण उनको घोड़ों के लिए चना तथा गुड़ व चोकर दुकानों से उधार लेना पड़ रहा है। घोड़ा चालकों ने प्रशासन से डोरोथी सीट से तीन किलोमीटर पहले तक ही घोड़ा संचालन की अनुमति देने की मांग कर रहे हैं।

मामले में उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि बारिश रूकने के बाद जल्द ही क्षेत्र का एक संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद घोड़ा संचालन की अनुमति पर विचार किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### पांच तैराक लेंगे राज्य स्तरीय विद्यालयी तैराकी में भाग

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के अटल उत्कृष्ट लीलावती पंत राजकीय इंटर कालेज भीमताल के पांच छात्र तैराक क्रमश: कुलदीप आर्य,नीरज रावत,प्रभाकर आर्य (जूनियर वर्ग में) तथा पारस रावत तथा खिलेश पंत (सीनियर वर्ग में) सोमवार (आज) को राज्य स्तरीय विद्यालयी तैराकी चैंपियनशिप जो इंटरनेशनल स्टेडियम गौलापार (हल्द्वानी) में आयोजित होगी में प्रतिभाग करेंगे। पांचों तैराकों के चयन पर भीमताल ब्लाक की खंड शिक्षा अधिकारी कैना चौहान, कालेज के प्रधानाचार्य आर. पी. वर्मा,व्यायाम शिक्षक/ब्लॉक खेल समन्वय अजय कुमार तथा विद्यालय के सभी गुरुजनों तथा छात्रों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

### ज्योलीकोट में मोमबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया

**ज्योलीकोट/नैनीताल।** हस्त शिल्प प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों में क्षमता विकास के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, हिमालया अकादमी विद्यार्थियों को डा0 सुधा जुकारिया द्वारा प्रयोगात्मक रूप से मोमबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रयोग आने वाली सामग्री जैसे साँचा, मोम, रंगीन मोम बनाना धागा बांधना, मोम गरम करके सावधानी पूर्वक साँचों में डालना,साँचे ठण्डे होने के बाद धागा किस प्रकार से काटकर मोमबत्तियों को साँचे से अलग करना व इसे डिजाइनर किस तरह से बनाना है तथा बनाते वक्त बरती जाने वाली सावधानियां, सतर्कता के गुर सिखाए ताकि बच्चों में कौशल विकास और आत्म निर्भर बनें। केन्द्र के अन्य वैज्ञानिकों डा. बलवान सिंह. एवं डा. वी. के. सिंह द्वारा सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया।

# आधी रात को एसएसपी को चौकी में देख पुलिस कर्मियों के उड़े होश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आधी रात को जनपद की दो चौकियों का अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए। कप्तान को चौकी में देख कर्मियों के होश उड़ गए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कर्मियों की मुस्तैदी को देखा। एसएसपी ने औचक निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसएसपी रात 12.30 बजे चौकी बगवाड़ा रुद्रपुर अचानक पहुंच गए। देर रात कप्तान को चौकी में देख पुलिस कर्मियों के होश उड़ गए। इसके बाद एसएसपी लगभग 1= 30 बजे चौकी सिडकुल सितारगंज पहुंच आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने को निर्देश दिए। एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को भी कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

**निरीक्षण**

- **चौकियों की मुस्तैदी को देखा, कप्तान ने दिए दिशा निर्देश, ड्यूटी या कार्य में लापरवाही मिलने पर दी कार्रवाई की चेतावनी**

एसएसपी ने कहा कि रात्रि गश्त हो या दिन की ड्यूटी लापरवाही बर्दास्त नहीं जाएगी।

चौकी इंचार्ज को संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग और वाहनों की चैकिंग, पीकेट को प्रभावी बनाने,चौकी परिसर में साफ सफाई रखने, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण करने को निर्देशित किया।

# शिविर: मदर्स हार्ट पब्लिक स्कूल में बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स दिए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मदर्स हार्ट पब्लिक स्कूल में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स दिए गए और स्वास्थ्य जॉंच भी की गई। प्रधानचार्य नगमा परवेज कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति प्राथमिक जानकारी बेहद जरूरी है। साथ ही बच्चों के अभिभावकों को भी स्वास्थ्य की जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. उमा रावत ने कहा कि खानपान की असावधानी को लेकर बच्चे अक्सर बीमार पड़ जाते हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज से पौष्टिक व ताजा भोजन जरूरी है। इसके अलावा नियमित भोजन लेना चाहिए। व्यायामों की महत्ता को समझना चाहिए। उन्होंने बदलते मौसम से संबंधित जानकारी दी साथ ही बचाव के बारे में भी सुझाव दिए। जमुना प्रसाद व रमेश राम ने बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा और व्यायाम के महत्व की जानकारी दी। शिविर के दौरान विद्यार्थियों का मेडिकल चेकअप भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।



# भाजपा नेता नत्थूलाल गुप्ता के घर पहुंचे पूर्व सीएम कोश्यारी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व वाईस चेयरमैन नाथूलाल गुप्ता के आवास रम्पुरा में पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड व पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पहुंचे। पूर्व सीएम ने भाजपा नेता की 88 वर्षीय माता हरदेवी के निधन पर गुप्ता परिवार को ढांढस बंधाया और शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

इस मौके पर पूर्व महामहिम राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि माँ की वात्सल्य भरी छाँव का हट जाना अपूर्णीय क्षति है जिसको कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,पूर्व मंडल महामंत्री शैलेंद्र कोली,विपिन शर्मा बिट्टू, सुरेश शर्मा, ललित विष्ट, एडवोकेट महावीर सिंह कश्यप,राजेश गुप्ता बंटी, विनोद वर्मा,भीमसेन गुप्ता, डालचंद राजपूत, हिम्मतराम कोली, संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, कल्लूराम गुप्ता, रामौतार गुप्ता, जगदीश श्रीवास्तव, शिवकुमार, बिट्टू मिश्रा, सुभाष गुप्ता, विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, सुभाष कोली, नरेंद्र कोली, दिनेश कोली मौजूद रहे।

## बूथ नंबर 26 आवास विकास कॉलोनी में सुनीं मन की बात

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 114 वे मन की बात के संस्करण को सांसद अजय भट्ट ने विवेकानंद स्कूल बूथ नंबर 26 आवास विकास कॉलोनी में बूथ के सभी सदस्यों के साथ सुना। मन की बात के कार्यक्रम में बूथ के सभी कार्यकर्ता और वहां की जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, मन की बात के कार्यक्रम के बाद सांसद अजय भट्ट ने बूथ के सभी कार्यकर्ताओं व सभी लोगों को मन की बात के पूर्व के नो का स्मरण कराया और प्रधानमंत्री मोदी के इस अभियान के बारे में बताया।

# पेज एक का शेष: हल्द्वानी में कांग्रेसियों ने निकाली...

...किया जा रहा है। जनाक्रोश रैली में यशपाल आर्या, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मंत्री हरीश दुर्गापाल, शहर विधायक सुमित हृदयेश, खटीमा भुवन कापड़ी, गोविंद सिंह बिष्ट, रंजीत रावत, शोभा बिष्ट, मीमांशा आर्या, हेमंत साहू, हेमंत बगडवाल, हरीश पनेरू, सतीश नैनवाल समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोका:** पुलिस ने जनाक्रोश रैली को डीएम कैंप कार्यालय में घुसने से रोकने के लिए डीएम कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग लगाकर



रोक दिया लेकिन उसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फांद दिया और डीएम कैंप कार्यालय में पहुंच गए। यहां पहुंचने पर उन्होंने एडीएम पिंचाराम चौहान को ज्ञापन सौंपा।

**डीएम के न मिलने पर जताई नाराजगी:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उस समय रोष व्याप्त हो गया जबकि कैंप कार्यालय में डीएम वंदना सिंह नहीं मिली। इस पर कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जाहिर की। कहा कि डीएम का यही रवैया रहा तो उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रुद्रपुर में जिला जज के नेतृत्व में चला सफ़ाई अभियान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

माननीय उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश पर और उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 19 सितंबर 2024 से 2 अक्तूबर 2024 तक, स्वच्छता ही सेवा कैंपेन-2024 के तहत ज़िला ऊधम सिंह नगर में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम सक्रिय रूप से आयोजित किया जा रहा है।

इसी के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह के अध्यक्ष/जिला जज ऊधम सिंह नगर सिकंद कुमार त्यागी के नेतृत्व में रूद्रपुर बस अड्डा, जिला जज़ी आवासीय परिसर खेड़ा में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ता,पीएलवी



ने नगर निगम के सहयोग से सफ़ाई अभियान चलाया।

जिसमें जिला जज सिकन्द कुमार त्यागी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार मिश्रा, अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश आर्य, अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्या, सीजेएम अनिता गुंजियाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेमन्त सिंह राणा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डे, सचिव सर्वेश कुमार सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन नदीम अहमद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विवेक राणा, सिविल जज रिज़वान अंसारी,एवम अन्य न्यायिक अधिकारीगण के साथ एडवोकेट शिव कुंवर सिंह,मो. मिराज व न्यायिक कर्मचारियों, पैनल अधिवक्तागण व पीएलवी तथा नगर निगम के कर्मियों ने भी प्रतिभाग किया।

**अभियान**

- **पुरानी जजी परिसर समेत कई जगहों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान**

# बद्री केदार की टीम ने जीता वॉलीबॉल का फाइनल



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चतुर्थ बद्री केदार वालीबाल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में देवभूमि प्रॉपर्टीज की टीम को हराकर बद्री केदार वॉलीबॉल की टीम ने ट्रॉफी जीती। इस मौके पर आयोजक मंडल ने मुख्य अतिथि भाजपा नेता हृदयेश कुमार का स्वागत किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता हृदयेश कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट गुरुकुल स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया था। इस मौके पर आयोजक मंडल के नवल जोशी, गौरव भट्ट, विजय भाई, मुकुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।